दृष्टि The Vision

# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)



## फरवरी भाग-2
## 2021

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोन: 8750187501
ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-1

1. निम्नलिखित में से कौन-सी फसल ऑपरेशन ग्रीन्स के अंतर्गत आती है?

   1. टमाटर
   2. तिलहन
   3. प्याज
   4. आलू

   नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

   (a) केवल 2 और 3
   (b) केवल 3 और 4
   (c) 1, 3 और 4
   (d) 1, 2, 3 और 4

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. थार मरुस्थल दक्षिण-पूर्व में अरावली श्रेणी और दक्षिण में कच्छ के रण से घिरा हुआ है।
   2. 'बरचन' मुख्य रूप से एक दिशा से आने वाली हवा द्वारा निर्मित अर्द्धचंद्राकार आकार के रेत के टीले हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

3. 'भीमबेटका गुफाओं' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. यह भारत में मानव जीवन के शुरुआती निशानों को प्रदर्शित करता है।
   2. भीमबेटका गुफाएँ यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल सूची में शामिल हैं।
   3. यह विंध्य पर्वत की तलहटी में स्थित है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

   (a) केवल 1
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 3
   (d) 1, 2 और 3

4. निम्नलिखित में से कौन 'डिकिनसोनिया' का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

   (a) यह पूर्वी घाटों में पाई जाने वाली मेंढक की दुर्लभ प्रजाति है।
   (b) यह एक क्षुद्रग्रह है जिसे पृथ्वी और चंद्रमा की कक्षा के बीच घूमते हुए देखा गया है।
   (c) यह जड़ी-बूटी की एक दुर्लभ प्रजाति है, जो साँप के काटने पर इलाज के लिये प्रयोग होती है।
   (d) यह भीमबेटका की गुफाओं से खोजे गए प्राचीनतम ज्ञात प्राणी के जीवाश्म हैं।

5. भारतीय मध्यस्थता परिषद (ACI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 51 ACI की स्थापना हेतु आधार का प्रावधान करता है।
   2. मध्यस्थों की नियुक्ति सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नामित संस्थाओं के माध्यम से ही की जाएगी।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

नोट :

6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) को प्राय: "हॉट मनी" कहा जाता है।
2. एफपीआई निवेशक को वित्तीय परिसंपत्तियों में सीधे स्वामित्व प्रदान नहीं करता है।
3. FPI किसी देश के पूंजी खाते का हिस्सा है जिसे भुगतान संतुलन पर दिखाया जाता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

7. 'ट्रैफिक क्रैश इंजरी एंड डिसएबिलिटीज़: द बर्डन ऑन इंडिया सोसाइटी' रिपोर्ट किसके द्वारा जारी की गई है?

(a) संयुक्त राष्ट्र
(b) विश्व स्वास्थ्य संगठन
(c) विश्व बैंक
(d) विश्व आर्थिक मंच

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत सरकार ने सभी भारतीय संस्थाओं के लिये भू-स्थानिक डेटा और सेवाओं तक खुली पहुँच की अनुमति दी है।
2. भारतीय निगमों को अब भू-स्थानिक डेटा एकत्र करने के लिये पूर्व अनुमोदन या लाइसेंस की आवश्यकता नहीं होगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

9. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. हेमरिज सेप्टीसीमिया एक संक्रामक वायरस के कारण होने वाली बीमारी है।
2. करलापट वन्यजीव अभयारण्य की वनस्पति शुष्क पर्णपाती प्रकार की है।
3. भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान में खारे पानी के मगरमच्छ पाए जाते हैं।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) 1, 2 और 3

10. नेविगेशन इन इंडियन कांस्टेलेशन (NavIC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (IRNSS) है, जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) द्वारा विकसित किया गया है।
2. इसमें भू-समकालिक कक्षा में आठ उपग्रह शामिल हैं।
3. यह केवल भारतीय उपमहाद्वीप के भीतर ही ग्लोबल पोज़ीशनिंग सिस्टम' (GPS) की तरह काम करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

नोट :

11. प्रमुख सूफी सिलसिलों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. चिश्ती सिलसिले में सभी भौतिकतावादी वस्तुओं को अस्वीकार कर दिया गया और धर्मनिरपेक्ष राज्य के साथ संबंध से दूरी बनाए रखने पर ज़ोर दिया।
    2. सुहरावर्दी सिलसिले ने सुल्तानों से रखरखाव अनुदान स्वीकार नहीं किया।
    3. नक्शबंदी सिलसिला पंजाब में लोकप्रिय था और इसने अकबर के अधीन मुगलों का समर्थन किया था।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    (a) केवल 1 और 2
    (b) केवल 2 और 3
    (c) केवल 1
    (d) 1, 2 और 3

12. राजा सुहेलदेव के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. उन्होंने वर्तमान गुजरात में शासन किया तथा वह मुहम्मद गोरी के समकालीन थे।
    2. 'मिरात-ए-मसूदी' राजा सुहेलदेव की जीवनी है जिसे सालार मसूद द्वारा लिखा गया था।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

    (a) केवल 1
    (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों
    (d) न तो 1 और न ही 2

13. विश्व व्यापार संगठन (WTO) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. संयुक्त राष्ट्र संगठन के सभी सदस्य WTO के भी सदस्य होते हैं।
    2. मारकेश समझौते पर हस्ताक्षर के साथ WTO की स्थापना हुई थी।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    (a) केवल 1
    (b) केवल 2
    (c) 1और 2
    (d) न तो 1 और न ही 2

14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. सीउलैकैंथ IUCN रेड लिस्ट के तहत एक विलुप्त प्रजाति है।
    2. सीउलैकैंथ की एकमात्र प्रजाति अफ्रीका के पूर्वी तट पर कोमोरोस द्वीप समूह के पास पाई जाती है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    (a) केवल 1
    (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों
    (d) न तो 1 और न ही 2

15. संदेश' (Sandes) एप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. इसे राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) द्वारा लॉन्च किया गया है।
    2. यह एक त्वरित मैसेजिंग प्लेटफॉर्म है जिसका उपयोग केवल सरकारी कर्मचारियों द्वारा किया जाता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    (a) केवल 1
    (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों
    (d) न तो 1 और न ही 2

नोट :

16. गिरगिट (Chameleons) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे गर्म आवासों में रहते हैं जो वर्षावन से लेकर मरुस्थलों में पाए जाते हैं।
2. गिरगिट 'ब्रुकेशिया माइक्रा' सभी ज्ञात सरीसृपों में सबसे छोटा है
3. भारत लगभग दो-तिहाई गिरगिट की प्रजातियों का आवास-स्थल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 1
(d) 1, 2 और 3

17. मंदारिन बतख के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. यह केवल एशिया और पूर्वी एशिया में पायी जाती है।
2. इसे भारत में पहली बार देखा गया है।
3. यह IUCN की रेड लिस्ट में कम संकटग्रस्त श्रेणी में सूचीबद्ध है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

18. गंगा डॉल्फिन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की अनुसूची- I के तहत संरक्षण प्रदान किया गया है।
2. इसे IUCN रेड लिस्ट में 'गंभीर रूप से संकटग्रस्त' के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

19. हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एचएफसी एक विशेष गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है।
2. एचएफसी का विनियमन नेशनल हाउसिंग बैंक द्वारा किया जाता है।
3. एचएफसी के रूप में अर्हता प्राप्त करने के लिये एक एनबीएफसी के पास आवास ऋण के रूप में 50% संपत्ति और व्यक्तिगत होमबॉयर्स के लिये 75% संपत्ति होनी चाहिये।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**नोट :**

20. 'ब्लू इकॉनमी' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस अवधारणा को 'गुंटर पौली' द्वारा प्रस्तुत किया गया था।
2. यह अवधारणा आर्थिक विकास, बेहतर आजीविका और नौकरियों के सृजन के लिये महासागरीय संसाधनों के सतत् उपयोग को संदर्भित करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रतिष्ठा का अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 का एक अभिन्न अंग है।
2. मानहानि भारत में केवल सिविल अपराध के रूप में होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

22. 'पर्सिवरेंस रोवर' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का मिशन है।
2. इसका लक्ष्य मंगल के भू-विज्ञान तथा जीवन के प्राचीन संकेतों का अध्ययन करना है।
3. जेज़ेरो क्रेटर मंगल पर रोवर का लैंडिंग स्थल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) केवल 1, 2 और 3

23. 'ट्री सिटीज़ ऑफ द वर्ल्ड' कार्यक्रम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह शहरी वानिकी हेतु प्रतिबद्ध शहरों और कस्बों को मान्यता देने का एक अंतर्राष्ट्रीय प्रयास है।
2. यह कार्यक्रम 'आर्बर डे फाउंडेशन' और FAO की सहभागिता से चलाया जा रहा है।
3. चंडीगढ़ इसके तहत मान्यता पाने वाला भारत का एकमात्र शहर है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/ हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) 1, 2 और 3

24. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी 'विशाखा दिशा-निर्देश' निम्नलिखित में से किस विषय से संबंधित हैं?

(a) अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति का अत्याचार तथा भेदभाव से संरक्षण
(b) कोल ब्लॉक आवंटन का विनियमन
(c) भारत में पुलिस सुधार
(d) कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न

नोट :

25. पर्टिकुलेट मैटर 2.5 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक अंत:स्रावी व्यवधान है जो मधुमेह का एक कारक भी है।
2. इसे राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक की गणना में शामिल किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

26. अरुणाचल प्रदेश के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह राज्य अपनी अंतर्राष्ट्रीय सीमा केवल चीन तथा म्याँमार के साथ साझा करता है।
2. इसका गठन 55वें संविधान संशोधन के माध्यम से असम से अलग एक पूर्ण राज्य के रूप में किया गया था।
3. गयाल यहाँ का राजकीय पशु है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1
(d) 1, 2 और 3

27. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **दर्रा** | **अवस्थिति** |
|---|---|---|
| 1. | नाथू ला | सिक्किम |
| 2. | रोहतांग दर्रा | उत्तराखंड |
| 3. | लिपुलेख दर्रा | हिमाचल प्रदेश |
| 4. | बोमडिला | अरुणाचल प्रदेश |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सुमेलित हैं?

(a) केवल 1, 3 और 4
(b) केवल 1 और 4
(c) केवल 3 और 4
(d) केवल 1 और 3

28. सांभर झील के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत की सबसे बड़ी अंतर्देशीय खारे पानी की झील है।
2. यह अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की एक आर्द्रभूमि है।
3. झील को मुख्य रूप से घग्गर और बनास नदियों से पानी मिलता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

नोट :

दृष्टि The Vision

29. नर्चरिंग नेबरहुड चैलेंज के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह छोटे बच्चों और उनके परिवारों के अनुकूल शहरों के निर्माण पर केंद्रित है।
   2. इसे आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा विश्व बैंक के सहयोग से लॉन्च किया गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

30. भारतीय एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. हेलिना और ध्रुवास्त्र क्रमशः भारतीय वायु सेना और थल सेना हेतु विकसित एंटी टैंक गाइडेड मिसाइलें हैं।
   2. DRDO द्वारा प्रोजेक्ट 75I के तहत एंटी गाइडेड नाग मिसाइलों को विकसित किया गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

31. चेरापूंजी में वर्षा के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?
   1. यह वर्षा मानसूनी पवनों द्वारा समर्थित पर्वतीय स्थिति के कारण होती है।
   2. हिंद महासागर के तापमान में होने वाले परिवर्तन का इस पर व्यापक प्रभाव पड़ता है।
   3. वानस्पतिक क्षेत्र में कमी और कृषि भूमि क्षेत्रों में वृद्धि से यहाँ वर्षा में गिरावट आई है।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   (a) केवल 1 और 3
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 2
   (d) 1, 2 और 3

32. वॉश रणनीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. वॉश केवल जल और स्वच्छता के क्षेत्रों से परस्पर संबंधित है।
   2. यह रणनीति विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विकसित की गई है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

33. थर्मो-इलेक्ट्रिक प्रभाव के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसमें ऐसी प्रक्रिया शामिल होती है जिसके द्वारा ऊष्मा विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित हो जाती है।
   2. विद्युत का अच्छा सुचालक होने के साथ ऊष्मा का कुचालक होना थर्मो-इलेक्ट्रिक प्रभाव के लिये अति महत्त्वपूर्ण गुण है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

नोट :

34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'मेकिंग पीस विद नेचर' रिपोर्ट UNEP द्वारा जारी की गई है।
2. UNEP का मुख्यालय केन्या के नैरोबी में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

35. युलु उद्घोषणा निम्नलिखित में किससे संबंधित है?

(a) भविष्य की महामारी
(b) भाषाई संसाधनों और विविधता की रक्षा
(c) जलवायु परिवर्तन
(d) अंतरिक्ष का शांतिपूर्ण उपयोग

36. 'कार्बन फुटप्रिंट' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह उत्सर्जित कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा पर आम लोगों की गतिविधियों के प्रभाव को मापने का एक उपाय है।
2. यह 'इकोलॉजिकल फुटप्रिंट' के ही समान होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ब्लू हाइड्रोजन का उत्पादन अक्षय ऊर्जा और इलेक्ट्रोलिसिस [जल ($H_2O$) को विभाजित करने हेतु] का उपयोग करके किया जाता है।
2. ग्रे हाइड्रोजन का उत्पादन मीथेन से होता है और यह वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

38. निम्नलिखित में से कौन-सी पहलें MSME क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिये हैं?

1. स्फूर्ति (SFURTI)
2. क्रेडिट गारंटी फंड योजना
3. उद्योग आधार ज्ञापन
4. प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 2
(b) 1, 3 और 4
(c) केवल 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

नोट :

39. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सकल मूल्य वर्द्धन (निरंतर कीमतों पर) के संदर्भ में कुल कृषि और संबद्ध क्षेत्र में पशुधन के योगदान में वर्ष 2014-15 की तुलना में वर्ष 2018-19 में गिरावट आई है।
2. देश में नवीनतम पशुधन जनगणना में वर्ष 2018 की जनगणना की तुलना में कुल पशुधन आबादी में गिरावट आई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

40. भारत और मालदीव के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत और मालदीव सार्क के सदस्य है परंतु दक्षिण एशिया उप-क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग (SASEC) कार्यक्रम के नहीं।
2. ऑपरेशन कैक्टस के तहत मालदीव में तख्तापलट की कोशिश को बेअसर करने के लिये भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा सहायता उपलब्ध कराई गई थी।
3. एकुवेरिन, भारत और मालदीव के बीच आयोजित किया जाना वाला संयुक्त सैन्य अभ्यास है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1
(d) 1, 2 और 3

41. ब्लैक नेक्ड क्रेन के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस पक्षी को बौद्धों के मोनपास समुदाय द्वारा छठे दलाई लामा के अवतार के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है।
2. यह पक्षी भारत के लद्दाख क्षेत्र और अरुणाचल प्रदेश में पाया जाता है।
3. इसे आईयूसीएन की रेड लिस्ट में संकटापन्न के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

42. मिशन इन्द्रधनुष के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?

1. यह किशोरों और गर्भवती महिलाओं को लक्षित करता है।
2. इसमें 12 वैक्सीन-प्रिवेंटेबल डिज़ीज़ के लिये टीकाकरण शामिल है।
3. जापानी एनसेफेलाइटिस और हीमोफिलस इन्फ्लुएंज़ा टाइप बी के खिलाफ टीकाकरण कार्यक्रम देश के चुनिंदा ज़िलों में किया जा रहा है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) 1, 2 और 3

नोट :

43. उजाला योजना (Unnat Jyoti by Affordable LEDs for All) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह योजना ऊर्जा मंत्रालय के तहत ऊर्जा दक्षता सेवा लिमिटेड (EESL) द्वारा कार्यान्वित की जाती है।
2. इस कार्यक्रम के तहत पारंपरिक स्ट्रीट लाइट को एलईडी में बदलने का लक्ष्य रखा गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

44. गहिरमाथा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गहिरमाथा का समुद्री तट ओलिव रिडले समुद्री कछुओं का विश्व में सबसे बड़ा प्रजनन स्थल है
2. गहिरमाथा ओडिशा का एकमात्र कछुआ अभयारण्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

45. पगड़ी संभाल आंदोलन (1907) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह उन कानूनों के खिलाफ था, जो किसानों से भू-स्वामित्त्व छीनकर उन्हें मात्र भूमि अनुबंधक/ठेकेदार बना देते।
2. इस आंदोलन के तहत स्थापित भारत माता सोसाइटी का उद्देश्य औपनिवेशिक ब्रिटिश सरकार को गिराना था।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

46. ब्लैंक-चेक कंपनी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक प्रकार की फर्म है, जिसकी स्थापना एक विशेष क्षेत्र में किसी फर्म के अधिग्रहण के उद्देश्य से की जाती है।
2. इसे शेल कंपनी के नाम से भी जाना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों 2
(d) न तो 1 और न ही 2

47. राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (NCSC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक संवैधानिक निकाय है जो भारत में अनुसूचित जातियों (SC) और अन्य पिछड़े वर्ग (OBC) के हितों की रक्षा हेतु कार्य करता है।
2. राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सभी सदस्य राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किये जाते हैं।
3. संविधान के 89वें संशोधन द्वारा अनुसूचित जनजातियों एवं जनजातियों हेतु अलग-अलग आयोगों का गठन किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

नोट :

48. प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2021-22 में की गई थी।
2. इसका उद्देश्य केवल आकांक्षी ज़िलों में तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों की क्षमता विकसित करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. योग्य संस्थागत खरीदार निवेशकों को बाज़ार में अधिक पहुँच प्राप्त है।
2. व्यक्तिगत निवेशक योग्य संस्थागत खरीदार का दर्जा प्राप्त कर सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

50. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हाइड्रोजन प्रकृति में शुद्ध रूप में प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।
2. ब्लू हाइड्रोजन, जल को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में विभाजित करते हुए अक्षय ऊर्जा से उत्पन्न होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

51. सामुदायिक वन संसाधन (CFR) अधिकारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये अधिकार राष्ट्रीय वन नीति, 1988 के तहत प्रदान किये गए हैं।
2. इन अधिकारों का दावा केवल उन वनों पर किया जा सकता है जो किसी भी संरक्षित क्षेत्र के दायरे में नहीं आते हैं।
3. ग्राम सभा, वनों में निवास करने वाली अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासियों को दिये जाने वाले वन अधिकारों को निर्धारित करने हेतु ज़िम्मेदार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

52. बौद्ध धर्म के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वरद मुद्रा में हाथ का इशारा वरदान देने को दर्शाता है।
2. वज्रयान शाखा को तांत्रिक बौद्ध धर्म के नाम से भी जाना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/ हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

53. विजयनगर साम्राज्य के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह साम्राज्य तुलुव वंश के हरिहर और बुक्का द्वारा स्थापित किया गया था।
2. विजयनगर की राजधानी यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल है।
3. यह साम्राज्य कृष्णा नदी के किनारे फैला हुआ था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

54. 'इंडियन नेशनल सेंटर फॉर ओशन इंफॉर्मेशन सर्विसेज़' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) के तहत एक स्वायत्त संगठन है।
2. यह हैदराबाद में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

55. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये::

1. राष्ट्रपति शासन की घोषणा मंत्रिपरिषद की सलाह पर की जाती है।
2. राष्ट्रपति शासन लागू करने की घोषणा को इसके जारी होने की तारीख से छह माह के भीतर संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदित किया जाना अनिवार्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

नोट :

## व्याख्या भाग-2

**1. उत्तर: (c)**

**व्याख्या:**

- हाल ही में केंद्र सरकार ने स्वीकार किया कि वर्ष 2013 से देश में कृषि आय का वास्तविक मूल्यांकन नहीं किया गया है। ऑपरेशन ग्रीन्स का एक उद्देश्य वर्ष 2022 के अंत तक किसानों की आय को दोगुना करना है।
- 2018-19 के बजट में 'ऑपरेशन फ्लड' की तर्ज़ पर किसान उत्पादक संगठनों, कृषि-रसद, टमाटर-प्याज-आलू (TOP) मूल्य शृंखला के एकीकृत विकास के लिये प्रसंस्करण सुविधाओं और पेशेवर प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिये 'ऑपरेशन ग्रीन्स' की घोषणा की गई थी। **अत: विकल्प (c) सही है।**
- TOP मूल्य शृंखला का विकास यह सुनिश्चित करेगा कि उपभोक्ताओं से प्राप्त राजस्व का अधिक हिस्सा किसानों को जाए और इन फसलों की कीमतों को स्थिर किया जा सके। यह योजना केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही है।

**2. उत्तर: (c)**

**व्याख्या:**

- थार रेगिस्तान एक शुष्क क्षेत्र है जो 2,00,000 वर्ग किमी. में फैला हुआ है। यह भारत और पाकिस्तान की सीमा के साथ एक प्राकृतिक सीमा बनाता है।
  - इसकी सतह पर वातोढ़ (पवन द्वारा एकत्रित) रेत पाई जाती है जो पिछले 1.8 मिलियन वर्षों में जमा हुई है।
- मरुस्थल में तरंगित सतह होती है, जिसमें रेतीले मैदानों और बंजर पहाड़ियों या बालू के मैदानों द्वारा अलग किये गए उच्च और निम्न रेत के टीले (जिन्हें टिब्बा कहते हैं) होते हैं, जो आसपास के मैदानों में अचानक वृद्धि करते हैं।
  - टिब्बे गतिशील होते हैं और अलग-अलग आकार एवं आकृति ग्रहण करते हैं।
  - 'बरचन' जिसे 'बरखान' भी कहते हैं, मुख्य रूप से एक दिशा से आने वाली हवा द्वारा निर्मित अर्द्धचंद्राकार आकार के रेत के टीले हैं। सबसे आम प्रकार के बालुका स्तूपों में से एक यह आकृति विश्व भर के रेगिस्तानों में उपस्थित होती है। अत: कथन 2 सही है।
- यह पश्चिम में सिंधु नदी के सिंचित मैदान, उत्तर और उत्तर-पूर्व में पंजाब के मैदान, दक्षिण-पूर्व में अरावली पर्वतमाला और दक्षिण में कच्छ के रण से घिरा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- उपोष्ण-कटिबंधीय रेगिस्तान की जलवायु संबंधित अक्षांश पर लगातार उच्च दबाव और अवतलन के परिणामस्वरूप निर्मित होती है।
  - प्रचलित दक्षिण-पश्चिमी मानसूनी हवाएँ जो गर्मियों में उपमहाद्वीप के बहुत से क्षेत्रों में वर्षा के लिये उत्तरदायी हैं, पूर्व की ओर स्थित थार मरुस्थल में वर्षा नही करती हैं।

**3. उत्तर: (d)**

**व्याख्या:**

- भीमबेटका गुफाएँ मध्य भारत का एक पुरातात्त्विक स्थल है, जिसकी काल अवधि प्रागैतिहासिक पाषाण काल और मध्य पाषाण काल से लेकर ऐतिहासिक काल तक है।
- यह भारत में मानव जीवन के शुरुआती सकेतकों और पाषाण युग के साक्ष्य को प्रदर्शित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- तकरीबन 10 किलोमीटर क्षेत्र में फैले यूनेस्को के इस विश्व धरोहर स्थल में कुल सात पहाड़ियाँ और 750 से अधिक गुफाएँ शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।
- इसकी खोज 1957-58 में डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर द्वारा की गई थी। यह मध्य प्रदेश में होशंगाबाद और भोपाल के बीच रायसेन ज़िले में स्थित है।
  - यह विंध्य पर्वत की तलहटी में भोपाल से लगभग 40 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में है। अत: कथन 3 सही है।

नोट :

**4. उत्तर: ( d )**

**व्याख्या:**

- हाल ही में शोधकर्त्ताओं ने भीमबेटका में तकरीबन 550 मिलियन-वर्ष पुराने प्रारंभिक ज्ञात जानवर 'डिकिनसोनिया' के तीन जीवाश्मों की खोज की है। **अतः विकल्प ( d ) सही है।**
  - ये जीवाश्म 'भीमबेटका शैलाश्रय में 'ऑडीटोरियम केव' नामक स्थान के ऊपरी हिस्से में पाए गए हैं।

**5. उत्तर: ( a )**

**व्याख्या:**

## भारतीय मध्यस्थता परिषद

- अनुच्छेद 51 के अनुसार, भारत निम्नलिखित संवैधानिक आदर्शों को पालन करने के लिये प्रतिबद्ध है:
  - संगठित लोगों के एक-दूसरे के प्रति व्यवहार में अंतर्राष्ट्रीय विधि और संधि-बाध्यताओं के प्रति आदर बढ़ाना।
  - अंतर्राष्ट्रीय विवादों के निपटारे के लिये मध्यस्थता को प्रोत्साहित करना। ए.सी.आई. इस संवैधानिक दायित्व की प्राप्ति हेतु एक कदम है।
- मध्यस्थता और सुलह (संशोधन) अधिनियम, 2019 मध्यस्थता, सुलह तथा अन्य विवादों के निवारण के लिये एक निवारण तंत्र के रूप में भारतीय मध्यस्थता परिषद (Arbitration Council of India) की स्थापना का उद्देश्य रखता है। अत: कथन 1 सही है।
- **ACI में एक अध्यक्ष होगा, जिसे:**
  - सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश; या
  - उच्च न्यायालय का न्यायाधीश; या
  - उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश; या
  - मध्यस्थता के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाला एक प्रतिष्ठित व्यक्ति होना चाहिये।
- **मध्यस्थों की नियुक्ति:** इस अधिनियम के अंतर्गत उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय मध्यस्थ संस्थाओं को नामित कर सकते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नामित संस्था की नियुक्ति अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक मध्यस्थता के लिये की जाएगी।
  - उच्च न्यायालय द्वारा नामित संस्था की नियुक्ति घरेलू मध्यस्थता के लिये की जाएगी।
  - यदि कोई मध्यस्थ संस्था उपलब्ध नहीं हैं तो मध्यस्थ संस्थाओं के कार्यों को करने के लिये संबंधित उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश मध्यस्थों का एक पैनल बना सकता है।
  - मध्यस्थ की नियुक्ति के लिये किये गए आवेदन को 30 दिनों के भीतर निपटाया जाना आवश्यक है।

**6. उत्तर: ( d )**

**व्याख्या:**

- एफपीआई को प्राय: "हॉट मनी" (Hot Money) कहा जाता है क्योंकि इसमें अर्थव्यवस्था से पलायन करने की प्रवृत्ति अत्यधिक होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - एफडीआई, एफपीआई की तुलना में अधिक तरल और कम जोखिम भरा होता है।
- विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) में प्रतिभूतियाँ और विदेशी निवेशकों द्वारा निष्क्रिय रूप से रखी गई अन्य वित्तीय संपत्तियाँ शामिल हैं। यह निवेशक को वित्तीय परिसंपत्तियों में सीधे स्वामित्व प्रदान नहीं करता है और बाज़ार की अस्थिरता के आधार पर अपेक्षाकृत तरल है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - उदाहरण: स्टॉक, बॉण्ड, म्यूचुअल फंड, एक्सचेंज ट्रेडेड फंड, अमेरिकन डिपॉज़िटरी रिसिप्ट (एडीआर), ग्लोबल डिपॉज़िटरी रिसिप्ट (जीडीआर) आदि।

नोट :

- **FPI से संबंधित अन्य विवरण:**
  - FPI किसी देश के पूंजी खाते का हिस्सा होता है और यह उस देश के भुगतान संतुलन (BOP) की स्थिति को प्रदर्शित करता है। **अत: कथन 3 सही है।**
    - बीओपी सामान्यतया एक वर्ष की समयावधि के दौरान किसी देश के शेष विश्व के साथ हुए सभी मौद्रिक लेन-देनों के लेखांकन का विवरण होता है।
    - भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा वर्ष 2014 के नए एफपीआई विनियमों की जगह वर्ष 2019 में नया एफपीआई विनियम लाया गया।

**7. उत्तर: (c)**

**व्याख्या:**

- हाल ही में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री द्वारा 'ट्रैफिक क्रैश इंजरी एंड डिसएबिलिटीज़: द बर्डन ऑन इंडिया सोसाइटी' (Traffic Crash Injuries And Disabilities: The Burden on India Society) शीर्षक से विश्व बैंक (World Bank) की रिपोर्ट जारी की गई है। **अत: विकल्प (c) सही है।**
  - इस रिपोर्ट को एनजीओ- सेव लाइफ फाउंडेशन (Save Life Foundation) के सहयोग से तैयार किया गया है।
  - सर्वेक्षण में शामिल किये गए आँकड़ों को भारत के चार राज्यों- उत्तर प्रदेश, बिहार, तमिलनाडु और महाराष्ट्र से एकत्र किया गया था।

**8. उत्तर: (c)**

**व्याख्या:**

- भू-स्थानिक डेटा में पृथ्वी की सतह पर मौजूद वस्तुओं, घटनाओं आदि के विषय से संबंधित डेटा शामिल होता है।
  - इस प्रकार का डेटा स्थिर और अस्थिर दोनों वस्तुओं का हो सकता है, जैसे- सड़क का स्थान, भूकंप की घटना, गतिशील वाहन, पैदल यात्री की चाल, संक्रामक रोग का प्रसार आदि।
- हाल ही में विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय (Ministry of Science and Technology) द्वारा भारत में भू-स्थानिक क्षेत्र (Geo-Spatial Sector) हेतु नए दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं, जो मौजूदा प्रोटोकॉल को निष्क्रिय कर इस क्षेत्र को प्रतिस्पर्द्धा हेतु अधिक उदार बनाते हैं।
- **विशेषताएँ:**
  - भारत के सभी संस्थाओं को मानचित्रों सहित भू-स्थानिक डेटा (सुरक्षा से संबंधित संवेदनशील डेटाको छोड़कर) और सेवाओं तक खुली पहुँच प्रदान की जाएगी। **अत: कथन 1 सही है।**
  - भारतीय निगम और अन्वेषक अब प्रतिबंधों के अधीन नहीं होंगे और न ही उन्हें भारत की सीमा के भीतर डिजिटल भू-स्थानिक डेटा तथा मैप्स को इकट्ठा करने, तैयार करने, सुरक्षित रखने, प्रकाशित करने एवं अद्यतन आदि से पहले पूर्व अनुमोदन की आवश्यकता होगी है।
    - उन्हें सुरक्षा मंज़ूरी, लाइसेंस आदि की भी ज़रूरत नहीं होगी। **अत: कथन 2 सही है।**

**9. उत्तर: (b)**

**व्याख्या:**

- हाल ही में ओडिशा के कालाहांडी ज़िले में स्थित करलापट वन्यजीव अभयारण्य में हेमरिज सेप्टीसीमिया (HS) के कारण छह हाथियों की मौत हो गई।
  - यह बीमारी उन जानवरों को संक्रमित करती है जो 'पाश्चरेला मल्टोसिडा' (Pasteurella Multocida) नामक एक संक्रामक बैक्टीरिया द्वारा दूषित जल या मिट्टी के संपर्क में आते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- करलापट वन्यजीव अभयारण्य में शुष्क पर्णपाती प्रकार की वनस्पतियाँ हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस उद्यान में देश में लुप्तप्राय खारे पानी के मगरमच्छों का सबसे बड़ा समूह निवास करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

**10. उत्तर: ( b )**

**व्याख्या:**

- नेविगेशन इन इंडियन कांस्टेलेशन (NavIC) एक भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (IRNSS) है, जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) द्वारा विकसित किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसका मुख्य उद्देश्य भारत और उसके पड़ोसियों को विश्वसनीय नेविगेशन सुविधाएँ और समय संबंधी सेवाएँ प्रदान करना है।
- इसमें आठ उपग्रह हैं, इसके अंतर्गत भूस्थैतिक कक्षा में तीन उपग्रह और भू-समकालिक कक्षा में पाँच उपग्रह शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह स्थापित और लोकप्रिय अमेरिकी 'ग्लोबल पोज़ीशनिंग सिस्टम' (Global Positioning System- GPS) की तरह ही काम करता है, लेकिन यह उप-महाद्वीप के लगभग 1,500 किलोमीटर क्षेत्र को ही कवर करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- इसे मोबाइल टेलीफोन मानकों के समन्वय के लिये वैश्विक संस्था '3rd जनरेशन पार्टनरशिप प्रोजेक्ट' (3GPP) द्वारा प्रमाणित किया गया है।
- **संभावित उपयोग:**
  - स्थलीय, हवाई और समुद्री नेविगेशन
  - आपदा प्रबंधन
  - वाहन ट्रैकिंग और पोत प्रबंधन (विशेष रूप से खनन और परिवहन क्षेत्र के लिये)
  - मोबाइल फोन के साथ संयोजन
  - सटीक समय (एटीएम और पावर ग्रिड हेतु)
  - मैपिंग और जियोडेटिक डेटा

**11. उत्तर: ( c )**

**व्याख्या:**

- **चिश्ती सिलसिला ( चिश्तिया ):**
  - भारत में चिश्ती सिलसिले की स्थापना ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती द्वारा की गई थी।
  - इसने ईश्वर के साथ एकात्मकता (वहदत अल-वुजुद) के सिद्धांत पर ज़ोर दिया और इस सिलसिले के सदस्य शांतिप्रिय थे।
  - उन्होंने सभी भौतिक वस्तुओं को ईश्वर के चिंतन से विकर्षण के रूप में खारिज कर दिया।
  - उन्होंने धर्मनिरपेक्ष राज्य के साथ संबंधों से दूरी बनाए रखने पर ज़ोर दिया। **अत: कथन 1 सही है।**
- **सुहरावर्दी सिलसिला ( Suhrawardi Order ):**
  - इसकी स्थापना शेख शहाबुद्दीन सुहरावार्दी मकतूल द्वारा की गई थी।
  - चिश्ती सिलसिले के विपरीत सुहरावर्दी सिलसिले को मानने वालों ने सुल्तानों/राज्य के संरक्षण/अनुदान को स्वीकार किया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **नक्शबंदी सिलसिला:**
  - इसकी स्थापना ख्वाजा बहा-उल-दीन नक्सबंद द्वारा की गई थी।
  - भारत में इस सिलसिले की स्थापना ख्वाज़ा बहाउद्दीन नक्शबंदी ने की थी।
  - शुरूआत से ही इस सिलसिले के फकीरों ने शरियत के पालन पर ज़ोर दिया।
- **कदिरिया सिलसिला:**
  - यह पंजाब में लोकप्रिय था।
  - इसकी स्थापना शेख अब्दुल कादिर गिलानी द्वारा 14वीं शताब्दी में की गई थी ।
  - वे अकबर के अधीन मुगलों के समर्थक थे। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**नोट :**

**12. उत्तर: ( c )**

**व्याख्या:**

- राजा सुहेलदेव बहराइच ज़िले (उत्तर प्रदेश) के श्रावस्ती के पूर्व शासक थे, जिन्होंने 11वीं शताब्दी में शासन किया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - उन्हें इतिहास में महमूद गज़नवी की विशाल सेना के विरुद्ध गुरिल्ला युद्ध की शुरुआत करने के लिये जाना जाता है।
  - महाराजा सुहेलदेव, सोमनाथ मंदिर में महमूद गज़नवी द्वारा की गई लूट और हिंसा से काफी व्यथित थे, जिसके बाद उन्होंने गज़नवी के आक्रमण को रोकने के लिये थारू और बंजारा जैसे विभिन्न समुदायों के प्रमुखों और अन्य छोटे-छोटे राजाओं को एकत्रित करने का प्रयास किया।
- महाराजा सुहेलदेव का उल्लेख 'मिरात-ए-मसूदी' में भी है, जो कि 17वीं शताब्दी का फारसी-भाषा का एक ऐतिहासिक वृत्तांत है।
- 'मिरात-ए-मसूदी' सालार मसूद गाजी की जीवनी है, जिसे मुगल सम्राट जहाँगीर के शासनकाल के दौरान 'अब्द-उर-रहमान चिश्ती' ने लिखा था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**13. उत्तर: ( b )**

**व्याख्या:**

- नाइजीरिया की एन्गोज़ी ओकोंजो-इवेला (Ngozi Okonjo-Iweala) को विश्व व्यापार संगठन (World Trade Organisation- WTO) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। यह एक अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार निकाय है।
- WTO में यूरोपीय संघ सहित 164 सदस्य देश शामिल हैं तथा ईरान, इराक, भूटान, लीबिया आदि 23 देशों को पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त है। जबकि संयुक्त राष्ट्र संगठन में वर्तमान में 193 सदस्य देश शामिल है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- जिस समझौते के तहत WTO की स्थापना की गई उसे "मारकेश समझौते" के रूप में जाना जाता है। इसके लिये वर्ष 1994 में मोरक्को के मारकेश में हस्ताक्षर किये गए। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**14. उत्तर: ( d )**

**व्याख्या:**

- हाल ही में शोधकर्त्ताओं के एक समूह ने 'कोलैकैंथ/सीउलैकैंथ' (Coelacanth) नामक विशाल मछली के जीवाश्मों की खोज की है, जिसे 'जीवित जीवाश्म' का एक प्रमुख उदाहरण माना जाता है।
- माना जाता है कि कोलैकैंथ/सीउलैकैंथ तकरीबन 66 मिलियन वर्ष पुरानी है और क्रेटेशियस युग से संबंधित है।
  - 'कोलैकैंथ/सीउलैकैंथ' समुद्र की सतह से 2,300 फीट नीचे गहराई में निवास करने वाला एक जीव है।
  - माना जाता है कि 65 मिलियन वर्ष पहले ये डायनासोर के साथ विलुप्त हो गए थे। वर्ष 1938 में इसकी खोज के साथ इस बात को लेकर बहस शुरू हो गई थी कि ये लोब-फिन मछलियाँ किस प्रकार स्थलीय जानवरों के विकास के क्रम में उपयुक्त पाई जाती हैं।
- **दो प्रजातियाँ:**
  - 'कोलैकैंथ/सीउलैकैंथ' की अब तक केवल दो ज्ञात प्रजातियाँ मौजूद हैं: पहली प्रजाति अफ्रीका के पूर्वी तट के कोमोरोस द्वीप समूह के पास और दूसरी इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप में पाई जाती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **संरक्षण स्थिति:**
  - **IUCN स्थिति:** गंभीर रूप से लुप्तप्राय (Critically Endangered)। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
    - सुलावेसी कोलैकैंथ/सीउलैकैंथ को 'सुभेद्य' के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।
  - **CITES स्थिति:** परिशिष्ट I

**15. उत्तर: ( a )**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) ने 'व्हाट्सएप' की तर्ज पर 'संदेश' (Sandes) नामक एक इंस्टेंट मैसेजिंग प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC), इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्त्वावधान में यह केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रशासन को नेटवर्क और ई-गवर्नेंस में सहायता प्रदान करने हेतु एक महत्त्वपूर्ण केंद्र है।
- यह एक 'गवर्नमेंट इंस्टेंट मैसेजिंग सिस्टम' (GIMS) है, जिसे किसी भी सरकारी कर्मचारी या सार्वजनिक उपयोगकर्त्ता द्वारा वैध मोबाइल नंबर/ई-मेल आईडी के माध्यम से आधिकारिक या आकस्मिक स्थिति में इस्तेमाल किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**16. उत्तर: ( c )**

**व्याख्या:**

- गिरगिट 'कैमिलिओनिडाए' (Chamaeleonidae) परिवार का एक जीव है, जून 2015 में वर्णित एक तथ्य के अनुसार, यह 202 प्रजातियों के साथ 'ओल्ड वर्ल्ड लिज़ार्ड' का एक अद्वितीय और अत्यधिक विशिष्ट वंश है।
  - वे गर्म आवासों में रहते हैं जो कि वर्षावन से लेकर मरुस्थलों में पाए जाते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- मेडागास्कर लगभग दो-तिहाई गिरगिट की प्रजातियों का आवास-स्थल है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - भारतीय गिरगिट भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका में पाया जाता है।
- म्यूनिख के 'बवेरियन स्टेट कलेक्शन ऑफ ज़ूलॉजी' के अनुसार, नैनो-गिरगिट सरीसृपों की लगभग 11,500 ज्ञात प्रजातियों में यह प्रजाति सबसे छोटी है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - इससे पहले गिरगिट प्रजाति 'ब्रुकेशिया माइक्रा' को सबसे छोटा माना जाता था। इस प्रजाति के वयस्कों की औसत लंबाई 16 मिमी. (पूँछ के साथ 29 मिमी.) है, जबकि सबसे छोटे वयस्क नर की लंबाई 15.3 मिमी. दर्ज की गई है।

**17. उत्तर: ( c )**

**व्याख्या:**

- मंदारिन बतख की पहचान सबसे पहले वर्ष 1758 में स्वीडिश वनस्पतिशास्त्री, चिकित्सक और प्राणी विज्ञानी कार्ल लिनिअस (Carl Linnaeus) ने की थी।
  - इसे विश्व की सबसे सुंदर बतख माना जाता है।
- ये पक्षी नदियों, धाराओं, पंक, कच्छ भूमि और ताजे पानी की झीलों सहित आर्द्रभूमि के समीप समशीतोष्ण वनों में निवास करते हैं।
- यह पक्षी पूर्वी एशिया का मूल निवासी है लेकिन पश्चिमी यूरोप और अमेरिका में भी पाया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - यह रूस, कोरिया, जापान और चीन के उत्तर-पूर्वी हिस्सों में प्रजनन करती है।
- ये बतख कभी-कभी ही भारत में आते हैं क्योंकि भारत उनके प्रवास मार्ग में नहीं आता है।
  - इस पक्षी को वर्ष 1902 में तिनसुकिया (असम) में रोंगागोरा क्षेत्र में डिब्रू नदी में देखा गया था।
  - इस बतख को वर्ष 2013 में मणिपुर की लोकटक झील में देखा गया तथा वर्ष 2014 में असम के बक्सा ज़िले में स्थित टाइगर रिज़र्व और मानस नेशनल पार्क में स्थित सातावोनी बील में देखा गया।
  - हाल ही में असम के तिनसुकिया ज़िले में मगुरी-मोटापुंग बील में एक सदी के बाद मंदारिन बतख (Mandarin Duck) देखी गई है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसे IUCN की रेड लिस्ट में कम संकटग्रस्त श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**18. उत्तर: ( a )**

**व्याख्या:**

### गंगा डॉल्फिन की संरक्षण स्थिति:

- गंगा डॉल्फिन को भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची-I के तहत संरक्षण के साथ इसके शिकार को प्रतिबंधित किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- गंगा डॉल्फिन को IUCN की रेड लिस्ट में संकटग्रस्त (Endangered) की श्रेणी में रखा गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- गंगा डॉल्फिन को 'वन्यजीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन' (The Convention of International Trade in Endangered Species of Wild Fauna and Flora- CITES) के परिशिष्ट-I में शामिल किया गया है।

नोट :

- वन्यजीवों की प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर अभिसमय (CMS): परिशिष्ट II (प्रवासी प्रजातियाँ जिन्हें संरक्षण और प्रबंधन की आवश्यकता है या जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से काफी लाभ होगा)।

**19. उत्तर: (b)**

**व्याख्या:**

- भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों (HFC) को निर्देश जारी किया गया है।
- एचएफसी एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (Non-Banking Financial Company) है, जिसकी वित्तीय संपत्ति का लगभग 60% का उपयोग आवासीय व्यवसाय के वित्तपोषण में जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- आरबीआई द्वारा एचएफसी की नई परिभाषा दी गई है।
  - एक एनबीएफसी के पास एचएफसी के रूप में अर्हता प्राप्त करने के लिये आवास ऋण के रूप में 50% और व्यक्तिगत आवास खरीदारों के लिये 75% संपत्ति होनी चाहिये। **अतः कथन 3 सही है।**
- आरबीआई द्वारा वर्ष 2019 में नेशनल हाउसिंग बैंक (NHB) से HFC को रेगुलेट करने का अधिकार ले लिया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- आरबीआई द्वारा दिये गए निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे, इन निर्देशों का लक्ष्य HFCs के कामकाज से निवेशकों और जमाकर्त्ताओं के हितों को किसी भी तरह के नुकसान से बचाना है।

**20. उत्तर: (c)**

**व्याख्या:**

- ब्लू इकॉनमी की अवधारणा को बेल्जियम के अर्थशास्त्री गुंटर पौली द्वारा वर्ष 2010 में प्रकाशित उनकी पुस्तक 'द ब्लू इकॉनमी: 10 इयर्स, 100 इनोवेशन्स और 100 मिलियन जॉब्स' में प्रस्तुत किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह अवधारणा आर्थिक विकास, बेहतर आजीविका और नौकरियों के सृजन तथा महासागर पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य के लिये महासागर संसाधनों का सतत् उपयोग को संदर्भित करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- ब्लू इकॉनमी, महासागरीय अर्थव्यवस्था के विकास को सामाजिक समावेश और पर्यावरणीय स्थिरता के साथ एकीकृत करने पर ज़ोर देती है।

**21. उत्तर: (a)**

**व्याख्या:**

- हाल ही में दिल्ली के एक न्यायालय ने पूर्व केंद्रीय मंत्री द्वारा एक पत्रकार के खिलाफ उसके ट्वीट्स को लेकर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए दायर किये गए आपराधिक मानहानि के मुकदमे को खारिज़ कर दिया है।
- महिलाओं के जीवन और गरिमा के अधिकार की कीमत पर प्रतिष्ठा के अधिकार की रक्षा नहीं की जा सकती।
- **प्रतिष्ठा का अधिकार:**
  - सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार, प्रतिष्ठा का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 का एक अभिन्न अंग है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसके अतिरिक्त भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 499 (आपराधिक मानहानि) का अर्थ भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाना नहीं है क्योंकि यह सुनिश्चित करती है कि विभिन्न सामाजिक हितों को जनता के साझा मूल्य के रूप में प्रतिष्ठित करके सेवा प्रदान की जाए।
  - भारत में मानहानि एक सिविल दोष (Civil Wrong) और आपराधिक कृत्य दोनों हो सकते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - इन दोनों के मध्य अंतर इनके द्वारा प्राप्त किये जाने वाले उद्देश्यों में अंतर्निहित है।
  - सिविल दोष के अंतर्गत मुआवज़े के माध्यम से किसी हानि की क्षतिपूर्ति की जाती है और कृत्य में सुधार का प्रयास किया जाता है, जबकि मानहानि के आपराधिक मामलों में किसी गलत कृत्य के लिये अपराधी को दंडित कर दूसरे लोगों को ऐसा न करने के लिये संदेश देने की वकालत की जाती है।

**22. उत्तर: ( b )**

**व्याख्या:**

- हाल ही में नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (National Aeronautics and Space Administration-NASA) का 'पर्सिवरेंस रोवर (Perseverance Rover) मंगल पर उतरा है। यह 'मार्स 2020' मिशन के सबसे महत्त्वपूर्ण पहलुओं में से एक था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस मिशन को मंगल ग्रह के भू-विज्ञान को बेहतर ढंग से समझने तथा जीवन के प्राचीनतम संकेतों की तलाश करने हेतु डिज़ाइन किया गया है।
  - यह मिशन पिछले मिशनों से भिन्न है क्योंकि यह महत्त्वपूर्ण चट्टानों और मिट्टी के नमूनों की खुदाई करने एवं उन्हें एकत्रित करने में सक्षम है और इन्हें मंगल की सतह पर एक गुप्त स्थान पर सुरक्षित कर सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- जेज़ेरो क्रेटर (एक प्राचीन नदी डेल्टा जिसमें चट्टानें और खनिज विद्यमान हैं तथा जिनका निर्माण केवल पानी में होता हैं)। **अत: कथन 3 सही है।**

**23. उत्तर: ( c )**

**व्याख्या:**

- 'आर्बर डे फाउंडेशन' और संयुक्त राष्ट्र के 'खाद्य और कृषि संगठन' (Food and Agriculture Organisation- FAO) द्वारा हैदराबाद शहर (तेलंगाना की राजधानी) को '2020 ट्री सिटी ऑफ द वर्ल्ड' के रूप में मान्यता दी गई है।
- यह ऐसे शहरों और कस्बों को इस प्रकार की मान्यता देने का एक अंतर्राष्ट्रीय प्रयास है जो यह सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्ध हैं कि उनमें स्थित 'अर्बन फॉरेस्ट्स' और वृक्षों को अच्छी तरह से बनाए रखा जाए एवं लगातार उनका प्रबंधन किया जाए। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह कार्यक्रम 'आर्बर डे फाउंडेशन' और FAO की सहभागिता से चलाया जा रहा है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इसके अंतर्गत एक शहर का मूल्यांकन पाँच मानकों पर किया जाता है- उत्तरदायित्व स्थापित करना, नियम निर्धारित करना, आपके पास क्या है यह जानना, संसाधनों का आवंटन करना।
- हैदराबाद ने आर्बर डे फाउंडेशन के दूसरे वर्ष के कार्यक्रम में विश्व के 51 अन्य शहरों के साथ यह मान्यता प्राप्त की है। हैदराबाद यह मान्यता पाने वाला भारत का एकमात्र शहर है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**24. उत्तर: ( d )**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1997 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा "विशाखा बनाम राजस्थान राज्य" मामले में जारी किये गए दिशा-निर्देशों ने कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न को रोकने की दिशा में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। **अत: विकल्प ( d ) सही है।**
  - 'विशाखा बनाम राजस्थान राज्य' मामले में फैसला सुनाते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि ऐसा कोई भी अप्रिय हाव-भाव, व्यवहार, शब्द या कोई पहल जो यौन प्रकृति की हो, उसे यौन उत्पीड़न माना जाएगा।
  - इस तरह सर्वोच्च न्यायालय ने भारत में 'यौन उत्पीड़न' की पहली आधिकारिक परिभाषा प्रदान की और 'वैधानिक कानून' के अभाव में 'न्यायिक कानून' का मार्ग प्रस्तावित किया।

**25. उत्तर. ( c )**

**व्याख्या:**

- ग्रीनपीस दक्षिण पूर्व एशिया (गैर-सरकारी संगठन) द्वारा प्रकाशित 'वायु प्रदूषण के कारण आर्थिक क्षति का विश्लेषण 2021' (Cost to Economy Due to Air Pollution Analysis 2021) नामक रिपोर्ट के अनुसार, पीएम 2.5 वायु प्रदूषण वर्ष 2020 में दिल्ली में लगभग 54,000 लोगों की मृत्यु का कारण बना।
- **पीएम 2.5:** यह 2.5 माइक्रोमीटर व्यास से छोटे सूक्ष्म पदार्थ को संदर्भित करता है। यह श्वसन संबंधी समस्याओं का कारण बनता है और दृश्यता को भी कम करता है। यह एक अंत:स्रावी व्यवधान है जो इंसुलिन स्राव और इंसुलिन संवेदनशीलता को प्रभावित कर सकता है तथा इस प्रकार यह मधुमेह का कारण भी बन सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- **राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI):** यह उन स्वास्थ्य प्रभावों पर केंद्रित है जो कोई भी व्यक्ति प्रदूषित वायु में सांस लेने के कुछ घंटों या दिनों के भीतर अनुभव कर सकता है।
- **AQI की गणना आठ प्रमुख वायु प्रदूषकों के लिये की जाती है:** ग्राउंड-लेवल ओजोन, पार्टिकुलेट मैटर (PM) 10, पार्टिकुलेट मैटर 2.5 या PM2.5, कार्बन मोनोऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, अमोनिया और लेड। **अतः कथन 2 सही है।**

**26. उत्तर: (c)**

**व्याख्या:**

- ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान वर्ष 1972 तक अरुणाचल प्रदेश राज्य को नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी (NEFA) के रूप में जाना जाता था। 20 जनवरी, 1972 को यह केंद्रशासित प्रदेश बना और इसका नाम अरुणाचल प्रदेश रखा गया।
- भारतीय संविधान में 55वें संशोधन (वर्ष 1986) के माध्यम से अरुणाचल प्रदेश 20 फरवरी, 1987 को भारतीय संघ का 24वाँ राज्य बना। **अतः कथन 2 सही है।**
- **जैव विविधता:** मिथुन (जिसे गयाल के नाम से भी जाना जाता है) यहाँ का राजकीय पक्षी है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - यहाँ का राजकीय पक्षी हॉर्नबिल है।
- **भौगोलिक अवस्थिति:** अरुणाचल प्रदेश का गठन वर्ष 1987 में असम से अलग एक पूर्ण राज्य के रूप में किया गया था।
- पश्चिम में अरुणाचल प्रदेश की सीमा भूटान से लगती है और इसके उत्तर में चीन का तिब्बती क्षेत्र पड़ता है।
  - इसके दक्षिण-पूर्वी भाग में नगालैंड और म्याँमार पड़ता है, जबकि दक्षिण-पश्चिमी भाग में असम पड़ता है। अतः कथन 1 सही नहीं है।

**27. उत्तर: (b)**

**व्याख्या:**

| **दर्रा** | **किससे-किसको जोड़ता है?/विशेषताएँ** |
|---|---|
| 1. बनिहाल दर्रा | कश्मीर घाटी को बाह्य हिमालय और दक्षिण में मैदानी इलाकों के साथ। |
| 2. बारा-लाचा-ला दर्रा | हिमाचल प्रदेश के लाहौल को लेह ज़िले से। |
| 3. फोटू-ला दर्रा | लेह को कारगिल से। |
| 4. रोहतांग दर्रा | कुल्लू घाटी को हिमाचल प्रदेश की लाहौल और स्पीति घाटी से। |
| 5. शिपकी ला दर्रा | हिमाचल प्रदेश को तिब्बत के स्वायत्त क्षेत्र से। |
| 6. जेलेप ला दर्रा | सिक्किम को तिब्बत के स्वायत्त क्षेत्र से। |
| 7. नाथू ला दर्रा | सिक्किम को तिब्बत के स्वायत्त क्षेत्र से। |
| 8. लिपूलेख दर्रा | भारत की चौड़न घाटी को तिब्बत के स्वायत्त क्षेत्र से। यह उत्तराखंड, चीन और नेपाल के ट्राई-जंक्शन पर स्थित है। |
| 9. खार्दुंग ला | लद्दाख को सियाचिन ग्लेशियर से। यह विश्व का सबसे ऊँचा मोटर वाहन योग्य दर्रा है। |
| 10. बोम-डि-ला दर्रा | यह अरुणाचल प्रदेश में है। |

**28. उत्तर: (a)**

**व्याख्या:**

- सांभर झील भारत की सबसे बड़ी अंतर्देशीय खारे पानी की झील है जो अरावली रेंज (Aravalli Range) के गर्त को दर्शाती है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- मुगल वंश (1526-1857) के शासन के दौरान इस झील से नमक की आपूर्ति की जाती थी, लेकिन बाद में इस झील पर संयुक्त रूप से जयपुर और जोधपुर रियासतों का स्वामित्व हो गया था।

- इसे वर्ष 1990 से रामसर कन्वेंशन (Ramsar Convention) के तहत 'अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व' की आर्द्रभूमि घोषित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस झील का आकार सभी मौसमों में एक समान नहीं रहता बल्कि मौसम-दर-मौसम बदलता रहता है। अत: इसका कुल क्षेत्रफल लगभग 190 से 230 वर्ग किमी. के बीच है।
  - सांभर झील की गहराई भी इसके व्यापक खारे आर्द्रभूमि के कारण मौसम-दर- मौसम बदलती रहती है। इसकी गहराई ग्रीष्मकाल (शुष्क समय) के दौरान 60 सेमी. और मानसून के दौरान 3 मीटर तक कम हो जाती है।
- इसे छह नदियों यथा- मेड़ता, समौद, मंथा, रूपनगढ़, खारी और खंडेला से पानी प्राप्त होता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**29. उत्तर: (a)**

**व्याख्या:**

- हाल ही में आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने 'नर्चरिंग नेबरहुड चैलेंज' प्रतियोगिता के तहत देश के 25 शहरों के चयन की घोषणा की है।
  - यह चैलेंज एक तीन वर्षीय कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य भारतीय शहरों और अन्य भागीदारों के साथ मिलकर सार्वजनिक स्थान, गतिशीलता, पड़ोस योजना, प्रारंभिक बचपन संबंधी सेवाओं और सुविधाओं तक सभी की पहुँच तथा शहरी एजेंसियों के डेटा प्रबंधन में सुधार करने के लिये विभिन्न मानकों एवं तरीकों का समर्थन करना है।
- यह सभी स्मार्ट सिटीज़, 5,00,000 से अधिक आबादी वाले अन्य शहरों, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की राजधानियों के लिये भी उपलब्ध रहेगा।
- इसके तहत चयनित शहरों का प्रस्ताव, तत्परता और प्रतिबद्धता के आधार पर इन्हें छोटे बच्चों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिये तकनीकी समर्थन तथा क्षमता-निर्माण संबंधी प्रायोगिक एवं मानकीकृत समाधान प्रदान किये जाते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- **सहयोगी संगठन:** इसके सहयोगी संगठन हैं- आवास और शहरी मामलों का मंत्रालय, बर्नार्ड वैन लीर फाउंडेशन (BvLF) और विश्व संसाधन संस्थान (WRI) भारत। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**30. उत्तर: (d)**

**व्याख्या:**

- हेलिना और ध्रुवास्त्र क्रमश: भारतीय थल सेना और वायु सेना के प्रयोग हेतु एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- नाग तीसरी पीढ़ी की 'दागो और भूल जाओ' (Fire-and-Forget) के सिद्धांत पर आधारित एक एंटी टैंक मिसाइल है, इसे DRDO द्वारा भारतीय सेना के मैकेनाइज़्ड इन्फैंट्री (Mechanized Infantry) और एयरबोर्न (Airborne) दोनों बलों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है।
  - नाग मिसाइलों को DRDO ने एकीकृत गाइडेड मिसाइल विकास कार्यक्रम (Integrated Guided Missile Development Program-IGMDP) के तहत विकसित किया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- प्रोजेक्ट 75 इंडिया (P75I) में बेहतर सेंसर, हथियारों तथा एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन सिस्टम के साथ छह पारंपरिक पनडुब्बियों के निर्माण की परिकल्पना की गई है।रणनीतिक साझेदारी मॉडल (Strategic Partnership Model) के तहत इस परियोजना को मंज़ूरी दे दी गई है।

**31. उत्तर: (d)**

**व्याख्या:**

- हाल के एक अध्ययन में चेरापूंजी (मेघालय) और उसके आस-पास के क्षेत्रों में पिछले 119 वर्षों के दौरान वर्षा के पैटर्न में घटती हुई प्रवृत्ति देखी गई।
- चेरापूंजी-मासिनराम में वर्षा मानसूनी पवनों द्वारा समर्थित पर्वतीय स्थिति के कारण होती है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- हिंद महासागर के तापमान में परिवर्तन का इस क्षेत्र में होने वाली वर्षा पर अधिक प्रभाव पड़ता है।
- जून 2020 में केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा प्रकाशित पहली जलवायु परिवर्तन आकलन रिपोर्ट में उष्णकटिबंधीय हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्र की सतह के तापमान में वृद्धि को इंगित किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वनों की कटाई हो रही है। अध्ययन में मुख्य रूप से वर्ष 2006 के बाद वनस्पति आवरण में कमी और कृषि भूमि क्षेत्रों में वृद्धि देखी गई है। जो कि इस क्षेत्र में वर्षा में कमी का प्रमुख कारण है। **अतः कथन 3 सही है।**

**32. उत्तर: (b)**

**व्याख्या:**

- WASH 'Water, Sanitation and Hygiene का संक्षिप्त रूप है। ये क्षेत्र परस्पर संबंधित हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- विश्व स्वास्थ्य संगठन की वॉश रणनीति को सदस्य राज्य संकल्प (WHA 64.4) तथा सतत् विकास लक्ष्य-3 (अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण) सतत् विकास लक्ष्य-6 (स्वच्छ जल और स्वच्छता) की अनुक्रिया के रूप में विकसित किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - यह WHO के 13वें जनरल प्रोग्राम ऑफ वर्क 2019-2023 का एक घटक है जिसका उद्देश्य बेहतर आपातकालीन तैयारियों और प्रतिक्रिया जैसे बहुक्षेत्रीय कार्रवाइयों के माध्यम से तीन बिलियन लोगों तथा यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज़ (UHC) के माध्यम से एक बिलियन लोगों की स्वास्थ्य सुविधा में योगदान करना है।

**33. उत्तर: (c)**

**व्याख्या:**

- थर्मो-इलेक्ट्रिक प्रभाव में वह प्रक्रिया शामिल होती है जिसके द्वारा ऊष्मा विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित हो जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - परंपरागत रूप से थर्मो-इलेक्ट्रिक प्रभाव का प्रदर्शन दो अलग-अलग धातुओं का एक साथ उपयोग करके किया जाता है और इसके सिरों पर यांत्रिक रूप से दो अलग-अलग तापमान बनाए रखे जाते हैं लेकिन यह पदार्थ कुशल या किफायती समाधान प्रदान नहीं करता है।
- थर्मो-इलेक्ट्रिक प्रभाव बहुत लंबे समय तक पदार्थ के दोनों सिरों के बीच तापमान के अंतर पर आधारित होता है।
  - इस प्रकार विद्युत का अच्छा सुचालक होने के साथ ऊष्मा का कुचालक होना थर्मो-इलेक्ट्रिक प्रभाव के लिये अति महत्त्वपूर्ण गुण है। **अतः कथन 2 सही है।**

**34. उत्तर: (c)**

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ( United Nations Environment Programme- UNEP) द्वारा संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा (UNEA-5) के पाँचवें सत्र से पहले 'मेकिंग पीस विद नेचर' (Making Peace with Nature) रिपोर्ट जारी की गई है। रिपोर्ट इस बात पर प्रकाश डालती है कि किस प्रकार जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता का क्षरण तथा प्रदूषण तीनों स्व-स्फूर्त तौर पर पृथ्वी पर उत्पन्न होने वाली आपात स्थितियों से जुड़े हैं जो वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिये अवांछनीय जोखिम उत्पन्न करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- 05 जून, 1972 को स्थापित संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP), एक प्रमुख वैश्विक पर्यावरण प्राधिकरण है इसका प्राथमिक कार्य वैश्विक पर्यावरण एजेंडा को निर्धारित करना, संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर सतत् विकास को बढ़ावा देना और वैश्विक पर्यावरण संरक्षण के लिये एक आधिकारिक अधिवक्ता के रूप में कार्य करना है। इसका मुख्यालय केन्या के नैरोबी में स्थित है। **अतः कथन 2 सही है।**

**35. उत्तर: (b)**

**व्याख्या:**

- यूनेस्को (UNESCO) प्रतिवर्ष 21 फरवरी को भाषायी और सांस्कृतिक विविधता तथा बहुभाषावाद के विषय में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिये अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस (International Mother Language Day) मनाता है। यूनेस्को द्वारा वर्ष 2018 में चांगशा (Changsha- चीन) में की गई युलु उद्घोषणा (Yuelu Proclamation) भाषायी संसाधनों और विविधता की रक्षा करने के लिये विश्व के देशों तथा क्षेत्रों के प्रयासों के मार्गदर्शन में एक केंद्रीय भूमिका निभाती है। **अतः विकल्प (b) सही है।**

नोट :

**36. उत्तर: ( a )**

**व्याख्या:**

- विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कार्बन फुटप्रिंट जीवाश्म ईंधन के कारण उत्सर्जित कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा पर आम लोगों की गतिविधियों के प्रभाव को मापने का एक उपाय है, इसे $CO_2$ उत्सर्जन के भार के रूप में व्यक्त किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- आमतौर पर इसे प्रतिवर्ष उत्सर्जित $CO_2$ (टन में) के रूप में मापा जाता है। यह एक ऐसी मात्रा है जिसके लिये $CO_2$ समतुल्य गैसें (मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसें) पूरक के रूप में कार्य कर सकती हैं।
- इस अवधारणा को किसी एक व्यक्ति, एक परिवार, एक घटना, एक संगठन, यहाँ तक कि एक संपूर्ण राष्ट्र पर लागू किया जा सकता है।
- कार्बन फुटप्रिंट, इकोलॉजिकल फुटप्रिंट से अलग होता है। जहाँ एक ओर कार्बन फुटप्रिंट उन गैसों के उत्सर्जन को मापता है, जो ग्लोबल वार्मिंग में योगदान देती हैं, वहीं इकोलॉजिकल फुटप्रिंट 'बायो-प्रोडक्टिव स्पेस' के उपयोग को मापने पर केंद्रित है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**37. उत्तर. ( b )**

**व्याख्या:**

- हाल ही में केंद्र सरकार ने भारत में ई-मोबिलिटी और ईवी चार्जिंग (EV Charging) अवसंरचना के साथ इलेक्ट्रिक कुकिंग के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिये "गो इलेक्ट्रिक अभियान' की शुरुआत की है।
- ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन अक्षय ऊर्जा और इलेक्ट्रोलिसिस [जल ($H_2O$) को विभाजित करने हेतु] का उपयोग करके किया जाता है। यह ग्रे हाइड्रोजन और ब्लू हाइड्रोजन से अलग होता है। ब्लू हाइड्रोजन की उत्पादन प्रक्रिया के तहत उत्सर्जित गैसों को संरक्षित कर उन्हें भूमिगत रूप से संग्रहीत किया जाता है ताकि वे जलवायु परिवर्तन का कारक न बनें। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- ग्रे हाइड्रोजन का उत्पादन मीथेन से होता है और यह वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन करती है। **अत: कथन 2 सही है।**

**38. उत्तर: ( d )**

**व्याख्या:**

## MSME क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिये नवीन पहलें:

- **उद्योग आधार ज्ञापन ( UAM ):** यह भारत में MSMEs के लिये व्यवसाय करने में आसानी प्रदान करने हेतु सरल एक-पृष्ठ का पंजीकरण फॉर्म है।
- **नवाचार, ग्रामीण उद्योग और उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु एक योजना ( ASPIRE ):** यह योजना 'कृषि आधारित उद्योग में स्टार्टअप के लिये फंड ऑफ फंड्स', ग्रामीण आजीविका बिज़नेस इनक्यूबेटर (LBI), प्रौद्योगिकी व्यवसाय इनक्यूबेटर (TBI) के माध्यम से नवाचार और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देती है।
- **क्रेडिट गारंटी फंड योजना:** ऋण के आसान प्रवाह की सुविधा के लिये MSMEs को दिये गए संपार्श्विक मुक्त ऋण के लिये गारंटी कवर प्रदान किया जाता है।
- **प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम ( PMEGP ):** यह नए सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना और ग्रामीण एवं देश के शहरी क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर पैदा करने के लिये एक क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी योजना है।
- **प्रौद्योगिकी उन्नयन के लिये क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी स्कीम ( CLCSS ):** CLCSS का उद्देश्य संयंत्र और मशीनरी की खरीद के लिये 15% पूंजी सब्सिडी प्रदान करके सूक्ष्म और लघु उद्यमों (MSE) को प्रौद्योगिकी उन्नयन की सुविधा प्रदान करना है।

  **अत: विकल्प ( d ) सही है।**

**39. उत्तर: ( d )**

**व्याख्या:**

- बड़ी संख्या में किसान अपनी आजीविका के लिये पशुपालन पर निर्भर हैं। इससे ग्रामीण आबादी के लगभग 55% लोगों को आजीविका मिलती है। आर्थिक सर्वेक्षण-2021 के अनुसार, सकल मूल्य वर्द्धन (निरंतर कीमतों पर) के संदर्भ में कुल कृषि और संबद्ध क्षेत्र में पशुधन का योगदान 24.32% (2014-15) से बढ़कर 28.63% (2018-19) हो गया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- भारत में विश्व का सबसे अधिक पशुधन है। भारत में 20वीं पशुधन जनगणना (20th Livestock Census) के अनुसार, देश में कुल पशुधन आबादी 535.78 मिलियन है। इस पशुधन जनगणना में वर्ष 2018 की जनगणना की तुलना में 4.6% की वृद्धि हुई है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**40. उत्तर: (c)**

**व्याख्या:**

## भारत मालदीव संबंध:

- हाल ही में भारत और मालदीव ने 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के रक्षा क्षेत्र से जुड़े एक लाइन ऑफ क्रेडिट समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।
  - भारत के विदेश मंत्री की मालदीव यात्रा के दौरान इस समझौते पर हस्ताक्षर किये गए।
- भारत और मालदीव दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) और दक्षिण एशिया उप-क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग (SASEC) के सदस्य हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- दशकों से भारत ने मालदीव की मांग पर उसे तात्कालिक आपातकालीन सहायता पहुँचाई है।
  - वर्ष 1988 में जब हथियारबंद आतंकवादियों ने राष्ट्रपति मौमून अब्दुल गयूम के खिलाफ तख्तापलट की कोशिश की, तो भारत ने ऑपरेशन कैक्टस के तहत पैराट्रूपर्स और नेवी जहाज़ों को भेजकर वैध सरकार को पुनः बहाल किया। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत और मालदीव 'एकुवेरिन' (Ekuverin) नामक एक संयुक्त सैन्य अभ्यास का संचालन करते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**41. उत्तर: (d)**

**व्याख्या:**

- ब्लैक-नेक्ड क्रेन एक लंबी गर्दन वाला पक्षी है, जिसकी गर्दन, सिर, उड़ने वाले पंख और पूँछ पूरी तरह से काले होते हैं तथा शरीर का रंग हल्का भूरा/सफेद होता है।
- इनको दलाई लामा के एक अवतार (Tsangyang Gyatso) के रूप में मोनपास (Monpas- अरुणाचल प्रदेश के प्रमुख संस्कृति वाला बौद्ध समूह) समुदाय द्वारा परम पूजनीय माना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - मोनपास पश्चिम कामेंग और तवांग ज़िलों में निवास करने वाले बौद्ध धर्म के महायान संप्रदाय का समूह है।
    - आवास और प्रजनन मैदान: तिब्बती पठार, सिचुआन (Sichuan- चीन) और पूर्वी लद्दाख (भारत) के उच्च ऊँचाई वाले आर्द्रभूमि क्षेत्र इस प्रजाति के मुख्य प्रजनन स्थल हैं। ये सर्दियों की अवधि कम ऊँचाई वाले क्षेत्रों में बिताते हैं।
    - ये भूटान और अरुणाचल प्रदेश में केवल सर्दियों के दौरान आते हैं। अतः कथन 2 सही है।
    - इन्हें अरुणाचल प्रदेश के तीन क्षेत्रों में देखा जा सकता है:
  - पश्चिम कामेंग ज़िले में संगति घाटी (Sangti Valley)।
  - तवांग ज़िले में ज़मीथांग (Zemithang)।
  - तवांग ज़िले में चुग घाटी (Chug Valley)।
- **संरक्षण की स्थिति:**
  - **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972:** अनुसूची- 1
  - **आईयूसीएन रेड लिस्ट:** निकट संकट/संकटापन्न (Near Threatened)। **अतः कथन 3 सही है।**
  - **CITES:** परिशिष्ट- I

**42. उत्तर: (b)**

**व्याख्या:**

- मिशन इन्द्रधनुष के तहत 89 लाख से अधिक बच्चों को पूरी तरह से प्रतिरक्षित किया जाना है जिनका UIP के तहत आंशिक रूप से टीकाकरण हुआ है या जो टीकाकरण से छूट गए हैं। इसमें 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों और गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- इसके तहत 12 वैक्सीन-प्रिवेंटेबल डिज़ीज़ (Vaccine-Preventable Diseases- VPD) के खिलाफ टीकाकरण शामिल है जिनमें डिप्थीरिया (Diphtheria), काली खाँसी (Whooping Cough), टेटनस (Tetanus), पोलियो (Polio), क्षय (Tuberculosis), हेपेटाइटिस-बी (Hepatitis B), मैनिन्जाइटिस (Meningitis), निमोनिया (Pneumonia), हेमोफिलस इन्फ्लुएंज़ा टाइप बी संक्रमण (Haemophilus Influenzae Type B Infections), जापानी एनसेफेलाइटिस (Japanese Encephalitis), रोटावायरस वैक्सीन (Rotavirus Vaccine), न्यूमोकोकल कंजुगेट वैक्सीन (Pneumococcal Conjugate Vaccine) और खसरा-रूबेला (Measles-Rubella) शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- जापानी एनसेफेलाइटिस और हीमोफिलस इन्फ्लुएंज़ा टाइप बी के खिलाफ टीकाकरण कार्यक्रम देश के चुनिंदा ज़िलों में किया जा रहा है। **अत: कथन 3 सही है।**

**43. उत्तर: (a)**

**व्याख्या:**

### उजाला योजना (Unnat Jyoti by Affordable LEDs for All):

- उजाला, सरकार द्वारा वर्ष 2015 में शुरू की गई एक 'ज़ीरो-सब्सिडी योजना' है।
  - इसे विश्व की सबसे बड़ी घरेलू प्रकाश परियोजना के रूप में जाना जाता है।
- इसका क्रियान्वयन ऊर्जा दक्षता सेवा लिमिटेड (Energy Efficiency Services Limited- EESL) द्वारा किया जा रहा है, जो विद्युत मंत्रालय के तहत सार्वजनिक उपक्रमों का एक संयुक्त उद्यम है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे एलईडी-आधारित घरेलू कुशल प्रकाश कार्यक्रम (DELP) के रूप में भी जाना जाता है, इसका उद्देश्य सभी के लिये ऊर्जा के कुशल उपयोग (अर्थात् इसकी खपत, बचत और प्रकाश व्यवस्था) को बढ़ावा देना है।
- प्रत्येक परिवार जो संबंधित विद्युत वितरण कंपनी का घरेलू कनेक्शन रखता है, योजना के तहत LED बल्ब प्राप्त करने के लिये पात्र है।
- स्ट्रीट लाइटिंग नेशनल प्रोग्राम (SLNP) कार्यक्रम के तहत EESL नगरपालिकाओं द्वारा किसी भी प्रकार के निवेश के बिना अपनी लागत पर पारंपरिक स्ट्रीट लाइटों को एलईडी से बदल देता है, जिससे EESL द्वारा किया जा रहा यह परिवर्तन अधिक आकर्षक हो जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**44. उत्तर: (c)**

**व्याख्या:**

- गहिरमाथा (हिंद महासागर) का समुद्री तट ओलिव रिडले समुद्री कछुओं का विश्व में सबसे बड़ा प्रजनन स्थल है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह ओडिशा का एकमात्र कछुआ अभयारण्य है। **अत: कथन 2 सही है।**
- ओडिशा सरकार ने वर्ष 1997 में समुद्री कछुओं को बचाने के अपने प्रयासों के एक हिस्से के रूप में गहिरमाथा को कछुआ अभयारण्य घोषित किया था।
- गहिरमाथा समुद्री अभयारण्य (Gahirmatha Marine Sanctuary), भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान के एक हिस्से में स्थित है। इस उद्यान के अन्य दो हिस्सों में भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान तथा भितरकनिका वन्यजीव अभयारण्य का क्षेत्र शामिल हैं।

**45. उत्तर: (c)**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1907 में पगड़ी संभाल आंदोलन शुरू करने वाले अजीत सिंह की स्मृति में संयुक्त किसान मोर्चा (SKM) ने 23 फरवरी, 2021 को पगड़ी संभाल दिवस के रूप में मनाया।
- यह एक सफल किसान आंदोलन था जिसने वर्ष 1907 में ब्रिटिश सरकार को कृषि से संबंधित तीन कानूनों को रद्द करने के लिये विवश किया।

नोट :

- इसमें पंजाब भूमि अलगाव अधिनियम (Punjab Land Alienation Act) 1900, पंजाब भूमि उपनिवेशीकरण अधिनियम (Punjab Land Colonisation Act) 1906 और दोआब बारी अधिनियम (Doab Bari Act) 1907 शामिल थे।
- इन अधिनियमों के चलते किसान भूमि के मालिक न रहकर भूमि के ठेकेदार/अनुबंधक बन जाते और यदि किसान अनुमति लिये बिना अपने खेत में एक भी पौधा छू लेता तो ब्रिटिश सरकार को यह अधिकार था कि वह उस किसान को आवंटित भूमि वापस ले सकती थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस आंदोलन के प्रमुख नेतृत्वकर्त्ता भगत सिंह के चाचा अजीत सिंह थे जिन्होंने कृषि कानूनों से नाराज़ किसानों को संगठित करने का कार्य किया।
- भगत सिंह के पिता किशन सिंह और चाचा अजीत सिंह ने अपने क्रांतिकारी मित्र घसीटा राम के साथ मिलकर भारत माता सोसाइटी (Bharat Mata Society) का गठन किया। इस सोसाइटी का उद्देश्य किसानों में व्याप्त नाराज़गी को ब्रिटिश सरकार के खिलाफ एक आंदोलन का रूप देना तथा इसका उद्देश्य इस आंदोलन के माध्यम से ब्रिटिश सरकार को गिराना था। **अतः कथन 2 सही है।**

**46. उत्तर (a)**

**व्याख्या:**

- ब्लैंक-चेक कंपनी, विशेष रूप से एक विशिष्ट क्षेत्र में किसी फर्म के अधिग्रहण के उद्देश्य से स्थापित की गई इकाई होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इनको विशेष प्रयोजन अधिग्रहण कंपनी (Special Purpose Acquisition Company- SPAC) के नाम से भी जाना जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- SPAC का उद्देश्य एक इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (Initial Public Offering- IPO) के माध्यम से धन जुटाना होता है लेकिन उसके पास कोई संचालन या राजस्व नहीं होता है।
  - इसके अंतर्गत निवेशकों से धन लेकर एस्क्रो अकाउंट (Escrow Account) में रखा जाता है, जिसका उपयोग अधिग्रहण करने में किया जाता है।
  - अगर आईपीओ के दो वर्ष के भीतर अधिग्रहण नहीं किया जाता है, तो SPAC को हटा दिया जाता है और धन को निवेशकों को लौटा दिया जाता है।
- शेल कंपनी एक ऐसी फर्म होती है जिसका अर्थव्यवस्था में कोई संचालन नहीं होता है, लेकिन यह औपचारिक रूप से पंजीकृत, निगमित और कानूनी रूप से विद्यमान होती है।

**47. उत्तर: (b)**

**व्याख्या:**

- NCSC एक संवैधानिक निकाय है जो भारत में अनुसूचित जातियों (SC) के हितों की रक्षा हेतु कार्य करता है।
  - भारतीय संविधान का अनुच्छेद 338 इस आयोग से संबंधित है।
  - आयोग द्वारा अन्य पिछड़े वर्गों ( Other Backward Classes-OBCs) और एंग्लो-इंडियन समुदाय के संबंध में भी अपने कार्यों का निर्वहन उसी प्रकार किये जाने की आवश्यकता है जिस प्रकार वह SCs समुदाय के संबंध में करता है।
    - वर्ष 2018 तक आयोग को अन्य पिछड़े वर्गों के संबंध में भी इसी प्रकार के कार्यों का निर्वहन करने का अधिकार था। वर्ष 2018 में 102वें संशोधन अधिनियम द्वारा आयोग को इस ज़िम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- 65वाँ संशोधन, 1990 द्वारा एक सदस्यीय प्रणाली को बहु-सदस्यीय राष्ट्रीय अनुसूचित जाति (SC) और अनुसूचित जनजाति (ST) आयोग के रूप में परिवर्तित कर दिया गया।
  - 89वाँ संशोधन, 2003 द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हेतु गठित पूर्ववर्ती राष्ट्रीय आयोग को वर्ष 2004 में दो अलग-अलग आयोगों में बदल दिया गया। इसके तहत राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ( National Commission for Scheduled Tribes- NCSC) और अनुच्छेद 338-A के तहत राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (National Commission for Scheduled Tribes- NCST) का गठन किया गया। **अतः कथन 3 सही है।**
- राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की संरचना अध्यक्ष उपाध्यक्ष और तीन अन्य सदस्यों से मिलकर की जाती है।
  - इनकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित एक सीलबंद आदेश द्वारा की जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

**48. उत्तर. ( a )**

**व्याख्या:**

- हाल ही में प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य मुद्दों को समग्र रूप से संबोधित करने और स्वस्थ भारत के लिये एक चार-स्तरीय रणनीति को अपनाने की आवश्यकता के बारे में बात की, जिसमें प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना को लागू करना शामिल है।
- इस योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2021-22 में की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस योजना का उद्देश्य देश के सुदूर हिस्सों (अंतिम मील तक) में प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक देखभाल स्वास्थ्य प्रणालियों की क्षमता विकसित करना है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**49. उत्तर: ( a )**

**व्याख्या:**

- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) ने भारतीय प्रतिभूति बाज़ार में 'मान्यता प्राप्त निवेशक' (Accredited Investor) की अवधारणा पेश करने के प्रस्ताव पर संबंधित पक्षों की राय मांगी है।
- वर्तमान में भारतीय बाज़ारों में योग्य संस्थागत खरीदारों (Qualified Institutional Buyer) की अवधारणा मौजूद है, इसमें म्यूचुअल फंड, बीमा कंपनियाँ या अन्य पोर्टफोलियो निवेशक शामिल होते हैं। इन निवेशकों को बाज़ार में अधिक पहुँच प्राप्त है। **अत: कथन 1 सही है।**
- एक व्यक्तिगत निवेशक QIB का दर्जा प्राप्त नहीं कर सकता है। मान्यता प्राप्त निवेशक की अवधारणा व्यक्तिगत निवेशकों को QIB जैसी स्थिति प्रदान करेगी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **योग्य संस्थागत खरीदार:** ये संस्थागत निवेशक होते हैं। इनको पूंजी बाज़ार में निवेश और मूल्यांकन करने में विशेषज्ञता प्राप्त होती है।

**50. उत्तर: ( d )**

**व्याख्या:**

- आवर्त सारणी पर हाइड्रोजन पहला और सबसे हल्का तत्त्व है। चूंकि हाइड्रोजन का वज़न हवा से भी कम होता है, अत: यह वायुमंडल में ऊपर की ओर उठती है और इसलिये यह शुद्ध रूप में बहुत कम ही पाई जाती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- मानक तापमान और दबाव पर हाइड्रोजन एक गैर-विषाक्त, अधातु, गंधहीन, स्वादहीन, रंगहीन और अत्यधिक ज्वलनशील द्विपरमाणुक गैस होती है।
- हाइड्रोजन ईंधन एक शून्य-उत्सर्जन ईंधन है (ऑक्सीजन के साथ दहन के दौरान)। इसका उपयोग फ्यूल सेल या आंतरिक दहन इंजन में किया जा सकता है। यह अंतरिक्षयान प्रणोदन के लिये ईंधन के रूप में भी उपयोग किया जाता है।
- **हाइड्रोजन के प्रकार:**
  - **ग्रे हाइड्रोजन:**
    - भारत में होने वाले हाइड्रोजन उत्पादन में सबसे अधिक ग्रे हाइड्रोजन का उत्पादन होता है।
    - इसे हाइड्रोकार्बन (जीवाश्म ईंधन, प्राकृतिक गैस) से निकाला जाता है।
    - उपोत्पाद: $CO_2$
  - **ब्लू हाइड्रोजन:**
    - जीवाश्म ईंधन से प्राप्त होता है।
    - उपोत्पाद: CO, $CO_2$
    - इसके उत्पादन में उपोत्पाद को सुरक्षित रूप से संग्रहीत कर लिया जाता है अत: यह ग्रे हाइड्रोजन की तुलना में बेहतर होता है।
  - **हरित हाइड्रोजन :**
    - इसके उत्पादन में अक्षय ऊर्जा (जैसे- सौर या पवन) का उपयोग किया जाता है।
    - इसके तहत विद्युत द्वारा जल ($H_2O$) को हाइड्रोजन (H) और ऑक्सीजन ($O_2$) में विभाजित किया जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - उपोत्पाद: जल, जलवाष्प।

नोट :

**51. उत्तर: (c)**

**व्याख्या:**

- सामुदायिक वन संसाधनों पर अधिकार (Community Forest Resource Rights-CFR) का आशय ग्राम की परंपरागत सीमाओं के भीतर अथवा चरवाहा समुदायों द्वारा ऋतुगत प्रयोग किये जाने वाले स्थलों पर आदिवासियों तथा OTFDs के अधिकार से है।
- CFR अनुसूचित जनजातियों और अन्य पारंपरिक वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (एफआरए) के तहत प्रदान किये जाते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - वन अधिकार अधिनियम (एफआरए), 2006 (Forest Rights Act -FRA, 2006) वनों में निवास करने वाली अनुसूचित जनजाति (FDST) और अन्य परंपरागत वन निवासियों (OTFD) के अधिकारों को मान्यता प्रदान करता है जो कि वर्षों से वन क्षेत्र में निवास कर रहे हैं।
    - राष्ट्रीय वन नीति, 1988 प्राकृतिक विरासत के रूप में वनों के संरक्षण के माध्यम से पर्यावरणीय स्थिरता और पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने पर केंद्रित थी।
- ग्राम सभा व्यक्तिगत वन अधिकारों ( Individual Forest Rights- IFR) या सामुदायिक वन अधिकारों ( Community Forest Rights- CFR) की प्रकृति और सीमा के निर्धारण हेतु प्रक्रिया शुरू करने का अधिकार प्रदान करती है जिसे FDST और OTFD दोनों को दिया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**
- इनमें आरक्षित वन तथा आरक्षित क्षेत्र जैसे- अभयारण्य (Sanctuaries) एवं राष्ट्रीय उद्यान (National Park) शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**52. उत्तर: (c)**

**व्याख्या:**

- भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण ( Archeological Survey of India- ASI) ने झारखंड में सीतागढ़ी हिल्स के जुलजुल पहाड़ के पास एक टीले के नीचे दफन एक बौद्ध मठ का पता लगाया है, जिसे कम-से-कम 900 वर्ष पुराना माना जाता है।
- यहाँ पर देवी तारा की चार मूर्तियाँ वरद मुद्रा (हाथ से वरदान देने का इशारा) में हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- बुद्ध की छह मूर्तियाँ भूमिस्पर्श मुद्रा में ( दाहिने हाथ की पाँच अँगुलियों द्वारा पृथ्वी की ओर इशारा करती हुई, जो कि बुद्ध के ज्ञान का प्रतीक हैं) प्राप्त हुई हैं।
- वज्रयान का अर्थ है "वज्र का वाहन", जिसे तांत्रिक बौद्ध धर्म के नाम से भी जाना जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह गूढ़ तत्त्वों पर आधारित है और बाकी बौद्ध शाखाओं की तुलना में एक बहुत जटिल क्रिया पद्धति पर आधारित है।

**53. उत्तर: (a)**

**व्याख्या:**

- विजयनगर या 'विजय का शहर' एक शहर और साम्राज्य दोनों का नाम था।
- इस साम्राज्य की स्थापना चौदहवीं शताब्दी (1336 ईस्वी) में संगम वंश के हरिहर और बुक्का ने की थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - उन्होंने हंपी को राजधानी शहर बनाया। वर्ष 1986 में हंपी को यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत स्थल घोषित किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह उत्तर में कृष्णा नदी से लेकर प्रायद्वीप के दक्षिण तक फैला हुआ है। **अतः कथन 3 सही है।**
- विजयनगर साम्राज्य पर निम्नलिखित चार महत्त्वपूर्ण राजवंशों ने शासन किया:
    - संगम
    - सुलुव
    - तुलुव
    - अराविडु

नोट :

**54. उत्तर: (c)**

**व्याख्या:**

- इंडियन नेशनल सेंटर फॉर ओशन इंफॉर्मेशन सर्विसेज़ (INCOIS) समुद्र तल की बेहतर छवि/तस्वीर प्राप्त करने के लिये अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह तथा लक्षद्वीप द्वीपसमूह की एयरलाइन मैपिंग करने की योजना बना रहा है।
- इंडियन नेशनल सेंटर फॉर ओशन इंफॉर्मेशन सर्विसेज़ (INCOIS) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) के तहत एक स्वायत्त संगठन है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - हैदराबाद में स्थित इस संस्थान को वर्ष 1999 में स्थापित किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
    - यह पृथ्वी प्रणाली विज्ञान संगठन (ESSO), नई दिल्ली की एक इकाई है।
        - ESSO पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) की नीतियों और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिये कार्यकारी विंग के रूप में कार्य करता है।
    - **जनादेश**
        - समाज, उद्योग, सरकारी एजेंसियों और वैज्ञानिक समुदाय को निरंतर महासागर अवलोकन तथा व्यवस्थित एवं केंद्रित अनुसंधान के माध्यम से सर्वोत्तम संभव महासागर सूचना व सलाहकारी सेवाएँ प्रदान करना।

**55. उत्तर: (a)**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रपति द्वारा संविधान के अनुच्छेद 356 के माध्यम से केंद्रीय मंत्रिपरिषद की सलाह पर राष्ट्रपति शासन लगाया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - अनुच्छेद 356 राष्ट्रपति शासन लगाने का अधिकार देता है, यदि राष्ट्रपति इस बात से आश्वस्त है कि ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसमें राज्य सरकार संविधान के प्रावधानों के अनुरूप नहीं चल सकती है तो राष्ट्रपति, राज्य के राज्यपाल की रिपोर्ट के आधार पर या दूसरे ढंग से (राज्यपाल के विवरण के बिना) भी प्रतिक्रिया व्यक्त कर सकता है।
- **संसदीय अनुमोदन और समयावधि:**
    - राष्ट्रपति शासन लागू करने की घोषणा को इसके जारी होने की तारीख से दो महीने के भीतर संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदित किया जाना अनिवार्य है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - राष्ट्रपति शासन की घोषणा को मंज़ूरी देने वाला प्रत्येक प्रस्ताव किसी भी सदन द्वारा सामान्य बहुमत से पारित किया जा सकता है।
    - यदि यह दोनों सदनों द्वारा स्वीकृत हो तो राष्ट्रपति शासन छह माह तक रहता है इसे अधिकतम तीन वर्ष की अवधि (प्रत्येक छह माह पर संसद की स्वीकृति के साथ) के लिये बढ़ाया जा सकता है।

नोट :